## न्यूज ब्रीफ

### वार्षिकोत्सव में बिखेरी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छठा

**रिठौरा, अमृत विचार :** पूर्व माध्यमिक विद्यालय सनेकपुर में बुधवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इसका शुभारंभ बीईओ सत्यदेव ने किया। इस दौरान बालिका शिक्षा दहेज प्रथा, सोशल मीडिया का दुरूपयोग, देशभक्ति गीतों पर नृत्य भी प्रस्तुत किए। कक्षा आठवीं के बच्चों को विदाई भी दी गई। कार्यक्रम का संचालन कुंवरसेन ने किया। इस दौरान कफील अहमद शांति स्वरूप, नरदेव, ,पुष्पराज मोहसिन, मो अल्ताफ, रंजना रूबी आर्या, अनूप कुमारी, आशीष, जगदीश अफजाल हुसैन, आदि रहे।

### ग्रामीण से तमंचा बरामद

**मानपुर।** वाहनों की चेकिंग कर रही पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 315 बोर का एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद कर जेल भेज दिया। पकड़ा गया व्यक्ति ग्राम कल्याणपुर निवासी इकराम है।

### हत्यारोपी के सहयोगी बेटे को भी भेजा जेल

**अलीगंज अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव किदौना में शराब के नशे में हुए विवाद में हुई नंद किशोर की हत्या के मुख्य हत्यारोपी के पुत्र को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 20 मार्च की रात किदौना गाव के नंद किशोर को उसी गांव के आधार सिंह ने अपने घर में शराब पिलाने के दौरान हुए विवाद मे अपने पुत्र 18 वर्षीय आनंद के सहयोग से गले को लकड़ी की फंटी से गला दबाकर हत्या कर दी थी। थाना प्रभारी जगत सिंह ने बताया कि हत्याकांड के आरोपियों पिता पुत्र से पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि नंद किशोर दी हत्या के बाद रात में ही उसका शव गांव के जुगल किशोर के मकान के सामने फेंक दिया और फरार हो गए। शनिवार की सुवह नंदकिशोर का शव उसके घर से कुछ ही दूरी पर सीसी रोड पर नाले किनारे पड़ा मिला। पुलिस ने बुधबार को उसके बेटे आनंद को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### नाराज युवक ने युवती की तस्वीर की वायरल

**मीरगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक युवक ने रिश्ता टूटने के बाद युवती की अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर दीं। मीरगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामपुर निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक साल पहले बेटी का रिश्ता ग्राम नगरिया कल्याणपुर निवासी वासिव पुत्र जुल्फिकार से तय किया था। कुछ समय बाद दोनों पक्षों की सहमति से यह रिश्ता समाप्त हो गया था। अब बेटी का रिश्ता दूसरी जगह तय कर दिया है, । आरोप है कि वासिव को इस नए रिश्ते की जानकारी मिली, तो उसने युवती को बदनाम करने के उद्देश्य से एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाई। इस आईडी पर उसने युवती की निजी और अश्लील तस्वीरें साझा कर दीं। शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।


# चुपके से समाधान दिवस में सभासदों ने सौंपा पत्र

## धोबी तालाब मामले में 21 सभासदों ने शिकायती पत्र दिया

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** धोबी तालाब के मामले में एक नया मोड़ आ गया है। नगर पालिका के 21 सभासदों के दस्तखतों वाला एक प्रार्थना पत्र सोमवार को हुए समाधान दिवस में प्राप्त कराया गया है। क़ुराबंदी के ज़रिए नगर पालिका की ज़मीन को हथियाने का जाल बिछाने वालों के साथ डील करने वालों के सामने इस प्रार्थना पत्र से एक बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। धोबी तालाब के सौंदर्यीकरण की आड़ में ज़मीन हथियाने का आरोप इस प्रार्थना पत्र में लगाया गया है, जबकि दूसरी तरफ इस काम को जल्द शुरू कराने की मांग उठाई गई है।

समाधान दिवस में धोबी तालाब को लेकर शिकायत न करने के लिए कुछ सभासदों को राज़ी कर लिया गया था। इसके बाद कुछ सभासदों ने समाधान दिवस में अस्पताल और सड़कों को लेकर शिकायती पत्र दिया, लेकिन अब जानकारी मिली है कि धोबी तालाब को लेकर जो शिकायती पत्र मुख्यमंत्री को भेजा गया था, वह प्रार्थना पत्र समाधान दिवस में दिया गया। ख़ामोशी से इस प्रार्थना पत्र को समाधान दिवस में पंजीकृत कराया गया, और इस पर नम्बर भी जारी हुआ।



सभासदों का हस्ताक्षर युक्त पत्र।

समाधान दिवस में दिए इस प्रार्थना पत्र में नगर पालिका के धोबी तालाब के खाते के 4 सह खातेदारों को सड़क किनारे की कीमती ज़मीन देकर इनसे आठ गुना ज़्यादा क्षेत्रफल वाले तालाब को पीछे कर दिया गया। यह भी आरोप लगाया गया कि नगर पालिका तालाब के सौंदर्यीकरण के बहाने तालाब को पीछे कर आगे की ज़मीन हथियाने को जाल बिछाने वालों के लिए रास्ता आसान कर रही है।

समाधान दिवस में दिए गए इस प्रार्थना पत्र की बात सामने आने पर अब खलबली मच गई है। इसकी काट में अब तालाब का सौंदर्यीकरण जल्द कराने की मांग उठाई गई है। बीजेपी के नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता समेत तमाम लोग तालाब के खाते की पुनः क़ुराबंदी कराने की मांग कर रहे हैं। अब देखना है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है। उधर यह भी बात हो रही है कि सभासद इस मामले में एक राय नहीं हैं।

### बीईओ ने प्रमाण पत्र देकर किया बच्चों को पुरस्कृत

**मीरगंज, अमृत विचार :** गांव का कोई बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहने देना है। इस बात का संकल्प न्याय पंचायत चुरई दलपतपुर की संकुल स्तरीय शिक्षा चौपाल कार्यक्रम में लिया गया। बीईओ अवनीश कुमार ने अभिभावकों से बच्चों को हर रोज स्कूल भेजने की बात कही। नोडल संकुल शिक्षक अमित कुमार के आयोजकत्व में संविलियन विद्यालय हल्दी खुर्द में हुए कार्यक्रम में निपुण विद्यालयों के अध्यापकों को एवं निपुण बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इंस्पायर अवार्ड में बच्चों के चयन के लिए कंपोजिट विद्यालय मुगरा से निधि सक्सेना और कंपोजिट विद्यालय चुरई दलपतपुर से प्रियंका श्रीवास्तव को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कृत किया गया। ग्राम प्रधान राहत हुसैन प्रियंका गर्ग, धर्मपाल, ज्ञानस्वरूप, ज्ञान सिंह, इसरार ने अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने का आग्रह किया।

## स्कूल खोलने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**नवाबगंज, अमृत विचार:** नवाबगंज के ग्राम मल्हपुर स्थित बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय को खुलवाने की मांग को लेकर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार ने ग्रामीणों व स्कूली बच्चों के साथ उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बताया कि मल्हपुर के बच्चों को करीब 2 किलोमीटर दूर घाटमपुर जाना पड़ता है, जहां पहुंचने के रास्ते में खतरनाक नहर भी है। बीते वर्ष एक बच्चे की नहर में डूबकर मौत भी हो चुकी है, इस दौरान वहीद अहमद अंसारी, ब्रह्मानंद गंगवार, नानकचन्द, राम रतन गंगवार, खेमकरन गंगवार, जीनत अंसारी आदि रहे।

## बरेली ही नहीं बहेड़ी में भी मौत का कुआं



बहेड़ी रेलवे स्टेशन के रास्ते में खुला पड़ा यह डिप किसी बड़ी दुर्घटना की वजह कब बन जाए जाए कहा नहीं जा सकता। हाँ रेलवे प्रशासन को इसका अंदेशा नहीं सता रहा, तभी तो काफी दिन से यह इसी हाल में पड़ा है। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर ने स्टेशन को संवराने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए हैं, लेकिन मेनहोल में ढक्कन लगाने का बजट नहीं दिया। फोटो व विवरण :अमृत विचार

# विद्यालय में उत्कृष्ट रहे अक्षय - आयुषी को शील्ड

**आंवला, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर आंवला में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें आरएसए के विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार मुख्य अतिथि रहे।

प्रधानाचार्य गवेन्द्र सिंह चौहान ने कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डाला। बताया कि विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। कक्षा (6, 7, 8) से प्रथम स्थान पर आरुष मौर्य ,खुशबू चन्द्रा, शिवाय पाराशरी, अक्षिता, विशान्त शर्मा, सपना वर्मा ,दिव्यांश यादव, अभिनव यादव, सक्षम सक्सेना, आराध्या गंगवार, संतोष, द्वितीय स्थान पर सार्थक सक्सेना, अनन्या सक्सेना, आर्यन सिंघल, परी शर्मा, अनुराग चौहान, श्रेया चन्द्रा, हिमांशु यादव ,हिमांशु ,दिव्यपाल अलिका शाक्य, कार्तिक पाठक एवं तृतीय स्थान पर रहे मयंक गिरी, गौरी माहेश्वरी, अभि यादव, आर्शी, ध्रुव, सरयू देवकर, ध्रुव चौहान, पर्व, दिव्यांश सक्सेना, मानसी मौर्य एवं अभिनय सिंह को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक राकेश कुमार सक्सेना, कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अभिभावक दुर्गेश सक्सेना , गजेंद्र कुमार, लोकेश शर्मा, प्रदीप सक्सेना, कमलकान्त सक्सेना, आदि की उपस्थिति रही।



परीक्षाफल में सफल बच्चों के साथ मुख्य अतिथि व शिक्षक। ● अमृत विचार

संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विद्यालय छात्रा आराध्या गंगवार ने सर्वोच्च अंक (98%) एवं विद्यालय में भी सर्वाधिक अंक (95.6%) अंक प्राप्त किये उसे शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ भैया अक्षय चौहान एवं सर्वश्रेष्ठ बहन आयुषी गौड़ रहे उन्हे शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। आचार्य सनोज सिंह ने मुख्यअतिथि को पटका पहनाकर सम्मानित किया।

# इल्म हासिल करना सभी के लिए ज़रूरी: नुरुल

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** मौलाना नुरुल आराफत ने कहा कि इल्म हासिल करना हर शख़्स के लिए ज़रूरी है। इल्म ही अच्छे-बुरे का फर्क बताता है, और मुल्क व कौम की तरक्की के लिए इल्म का अहम रोल है।

मौलाना अराफ़ात यहाँ यौमे मदार के मौके पर आयोजित जलसे में खिताब कर रहे थे। उन्होंने कुतबुल मदार की शख़्सियत पर रौशनी डाली।

ख्वाजा सैय्यद मिस्बाहुल मुराद का यह शेर :कुछ न दो बस ख़्वाब में आकर ऐ आक़ा रात में, अपना खाली हाथ दे दो मेरे खाली हाथ में बहुत पसंद किया गया।

मशहूर शायरे इस्लाम सैय्यद शजर अली मकनपुरी की नात पाक का शेर :क्यूँ न फिर टुकड़े कमर हो, क्यूँ न फ़िर सूरज उगे.जब है उंगली का इशारा हो गया सरकार का. सारे नबियों से है अफ़ज़ल मर्तबा सरकार का, लोगों ने काफी पसंद किया। इस मौके पर मौलाना फरीद के बेटे मौलाना ज़ैगम फरीद की दस्तारबंदी हुई। उन्होंने मदारुल उलूम, गोविंदापुर से मौलवीयत की डिग्री हासिल की है। जलसे में सैय्यद शादान शिकोह, सैय्यद मुजीबुर रहमान उर्फ भूरे मियाँ, मौलाना सैय्यद मेराज मियाँ, मौलाना फरीद अहमद, मुफ़्ती काशिफ सईद, मौलाना नादिर खलीक, मौलाना नईम, हाफिज शुएब और हाफिज जावेद आदि मौजूद रहे।



यौमे मदार पर सैय्यद शजर अली मकनपुरी ने नात पाक पढ़ी।

# दो युवकों ने नाबालिग के साथ की छेड़छाड़, रिपोर्ट

संवाददाता, क्योलाडिया

**अमृत विचार :** घर में घुसकर युवकों ने किशोरी के साथ कि छेड़छाड़ कर उसके कपड़े फाड़ दिये। विरोध करने पर उसकी पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी है। किशोरी के पिता ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

पीड़िता के पिता ने बताया कि किशोरी की मां की तबियत खराब होने पर पिता उन्हें लेकर पीलीभीत अस्पताल गये थे। वहां उनका 22 मार्च को आपरेशन हुआ था। घर पर उनकी तीनों नाबालिग बेटियां घर पर अकेली थी। 23 मार्च की रात लगभग आठ बजे गांव का ही रिजवान व गुरुवा किशोरियों को अकेला देख कर उनसे जबरन बात करने के लिए मोबाइल देने आए थे। जिसे बेटी ने लेने से मना कर दिया। इसी बात पर दोनो युवकों ने बेटी को बुरी नियत से पकड़कर उसके कपड़े फाड़ दिये। जब बेटी चिल्लाई तो दो बहने उसे बचाने आई तो गुरुवा ने तमंचा निकालकर बेटियो को धमकी दी चिल्लाओगी तो गोली मार देंगे। अस्पताल से वापस आने पर बेटी ने जानकारी दी। रिपोर्ट दर्ज कराने की बात जानकर दोनो युवकों ने रास्ते में घेर कर कहा रिपोर्ट दर्ज कराई तो बेटियों सहित तुम्हे भी मार देंगे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मंदिर की खिड़की तोड़कर साध्वी के जेवरात चोरी

**कैंट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पालपुर में प्राचीन मंदिर (मढ़ी) पर रहने वाली महिला साध्वी फूलन देवी ने बताया, कि वह सोमवार की रात कीर्तन में गई थीं। जव वापस लौटीं, तो कमरे का समान बिखरा , अज्ञात चोरों ने कमरे में रखे 3 हजार रुपए नकद, सोने के कुंडल, बाली, अंगूठी, मंगलसूत्र तथा चांदी की पायल चुरा ले गए।

# वन मंत्री के जिले में 34 हरे पेड़ काटे

**नवाबगंज, अमृत विचार:** जयनगर गांव के कब्रिस्तान में खड़े हरे-भरे और बेशकीमती पेड़ों को काट दिया है। इन पेड़ों की नीलामी की प्रक्रिया चल रही थी, उन्हें बिना अंतिम अनुमति के ही काट दिया गया।

कब्रिस्तान में शीशम, जामुन, आम और नीम के करीब 34 पेड़ खड़े थे। ग्राम पंचायत ने इनकी नीलामी के लिए प्रक्रिया शुरू की थी और उनका मूल्यांकन भी करा लिया गया था। लेकिन नीलामी से पहले ही एक लकड़ी ठेकेदार ने कथित रूप से वन विभाग कर्मी की मिलीभगत कर सभी पेड़ कटवा दिए और लकड़ी उठाकर ले गया।

ग्रामीणों द्वारा इस घटनाक्रम की शिकायत के बाद तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह ने तुरंत संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दे दिए। वहीं ग्राम प्रधान पति मो सलीम ने बताया पेड़ो की नीलामी नहीं हुई थी

सादे कागज़ पर गांव के कुछ लोगों ने ग्रामीणों के हस्ताक्षर करा लिए थे, मो.सलीम ने बताया पड़ोसी गांव के लकड़ी काटने वाले ठेकेदार ने कहा था केवल गांव वालों के साइन कराकर दे दो बाकी हम निपट लेंगे। रेंजर केके मिश्रा के मुताबिक विभाग ने केवल पेड़ों का मूल्यांकन किया था, आगे की प्रक्रिया और कार्रवाई राजस्व विभाग के दायरे में आती है।

## न्यूज डायरी

### अस्पताल की अव्यवस्था पर भाकियू शंकर का विरोध



**आंवला अमृत विचार,** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने पंचायत आयोजित कर किसानों और आमजन की समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह ने आंवला के सरकारी अस्पताल की बदहाल व्यवस्था पर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि अधिक भीड़ होने पर मरीजों को लंबी लाइनों में धक्का-मुक्की झेलनी पड़ती है और डॉक्टर तुरंत पुलिस बुला लेते हैं, जो अमानवीय है। यूनियन ने पंजीकृत व अपंजीकृत अस्पतालों पर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को रबी फसल खरीद में अव्यवस्था, बिजली संकट, अस्पताल कुप्रबंधन और जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने जैसे मुद्दों से अवगत कराया गया। तहसीलदार बृजेश कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। यूनियन ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। इस प्रदर्शन के दौरान रमाकांत उपाध्याय, तनुज कुमार, कल्याण सिंह, सियाराम, जितेंद्र और रामकिशोर राठौर आदि रहे।

### आंवला सांसद ने शोभा यात्रा को दिखाई हरी झंडी



**आंवला अमृत विचार :** सम्राट अशोक की जयंती के अवसर पर सम्राट अशोक की प्रतिमा व अशोक की लाट का अनावरण सांसद नीरज मौर्य के द्वारा किया गया। उन्होंने भव्य शोभा यात्रा को हरी झण्डी भी दिखाई। सांसद ने कहा कि मौर्य समाज का बहुत महान इतिहास रहा है। 2027 के चुनाव में मौर्य समाज एकजुटता का परिचय देते हुए प्रदेश में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए की सरकार बनाने का काम करेगा। कार्यक्रम मे पालिका अध्यक्ष आविद अली , पीयूष वर्मा, वेद मौर्य, दयाराम मौर्य, अगम मौर्य, अविनाश मौर्य, राजपाल मौर्य, डॉ नरेन्द्र गौतम, सत्यवीर चौहान, राकेश प्रताप सिंह, इरशाद अली, विजेन्द्र सिंह यादव, राधेश्याम मौर्य आदि उपस्थित रहे।

### 28 मार्च को निकाली जाएगी रामजन्मोत्सव की शोभायात्रा

**आंवला अमृत विचार :** सनातन प्रेमियों में जागरूकता फैलाने के लिए भव्य और दिव्य उत्तराखण्ड की झांकियो के साथ 28 मार्च को शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह प्राचीन पुरैना ताल मन्दिर से दोपहर 12 बजे से शुरु होकर मौहल्ला फूटा दरबाजा , त्रिपोलिया , गंज, स्टेट बैक, सरगम रोड , महाराज पुरम , भुर्जी टोला होते हुए विद्या मन्दिर पर भण्डारे के साथ समापन होगी । यह बात हिंदू जागरण एवं स्वाभिमान सुरक्षा समिति के जिला महामंत्री जयदीप पाराशरी ने पत्रकार वार्तामें दी। एक बारात घर में हुए कार्यक्रम में उन्होंने नगरवासियों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शोभायात्रा को भव्य बनायें । शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए घुड़सवार , ढोल ताशे , इमरजेंसी सेवाओं एम्बुलेंस, दमकल के लिए हमारी शोभायात्रा स्थान देंगी । वार्ता के दौरान जय गोबिन्द सिंह , अवनेश शंखधार , शिवेक खण्डेलवाल , संजय अग्रवाल, राकेश सिंह ,अश्ववनी सिंह भदौरिया , गोपाल सिंह उर्फ गुडडू फौजी , हरपाल सिंह फौजी, सोनू सिंह , डी डी पाठक, देवराज चन्द्रा आदि उपस्थित रहें ।

### चौपाल लगाकर महिलाओं को किया जागरुक



**देवरनियां ।** महिला सशक्तिकरण को लेकर सेमीखेडा शिव मंदिर पर महिला चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरुक किया गया। नगर पंचायत देवरनियां के शिव मंदिर सेमीखेडा पर मेला चल रहा है। बुधवार को सीओ बहेडी अरुण कुमार और कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी की अगुवाई में कोतवाली देवरनियां व मिशन शक्ति टीम देवरनियां द्वारा महिलाओं को एकत्र करथाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र तथा महिला हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी लाभकारी योजनाओं के संबंध में अवगत कराया गया। इसके अलावा नवरात्रि के दृष्टिगत सीओ अरुण कुमार औत कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी ने फलों का वितरण भी किया। साथ ही महिला हेल्प के लिए जारी नम्बरों के प्रपत्र भी बांटे गये। कार्यक्रम में उप निरीक्षक सुनील कुमार, ताजवर सिंह, महिला कांस्टेबल सविता, अंकिता आदि प्रमुख शामिल रहे।

# आंगनबाड़ी में नवारंभ उत्सव, माता पिता का अभिनंदन

संवाददाता, शेरगढ़,

**अमृत विचार :** गांव डेलपुर एवं ब्योंधा समेत को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से नवारम्भ उत्सव एवं अभिनंदन समारोह हुआ। इसमें 1 से 6 वर्ष तक के बच्चों के माता-पिता का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। बुधवार को डेलपुर के विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक रजनीश गंगवार ने कहा कि

तीन से चार वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का बाल वाटिका में अनौपचारिक शिक्षा आरंभ तथा नियमित उपस्थिति के साथ 5 से 6 वर्ष के बच्चों जिनमें 6 वर्ष आयु पूर्ण कर ली गई है उन्हें औपचारिक शिक्षा की पहली कक्षा में नामांकित किया जाएगा। बच्चों के माता-पिता/अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा में सहयोगी बनने को प्रेरित किया गया। वहीं बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों का स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक अकील अहमद, अनीश अहमद, रूपा देवी, गीता देवी, सरिता देवी, संजीव कुमार, शीला देवी, प्रीति, लक्ष्मी, अनीता, सीमा, मीना, तारावती, विमलेश सहित बच्चों के माता-पिता मौजूद रहे।

**सिमरा बहोर नगला में मनाया वार्षिक उत्सव**

**भुता,** प्राथमिक विद्यालय सिमरा बहोर नगला में वार्षिक उत्सव एवं नवारंभ उत्सव हुआ। बीईओ शशांक शुक्ला मुख्य अतिथि रहे।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान, फैमिली, स्कूल चलो अभियान, में शानदार प्रस्तुति दी । बीईओ ने बच्चों के द्वारा किए गए कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियां भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम में अभिभावकों की भी अच्छी खासी भागीदारी रही ।जिससे परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका सरिता गंगवार ने मुख्य अतिथि को विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया।



शेरगढ़ में आंगनबाड़ियां में नवारंभ कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व अभिभावक



देवरनियां के कंपोजिट विद्यालय उदरा में कार्यक्रम में मौजूद लोग ● अमृत विचार

### बच्चों से नियमित विद्यालय को किया प्रेरित

**देवरनियां :** कंपोजिट विद्यालय उदरा में वार्षिक समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान विनोद कुमार ने की और बच्चों से नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक संघ के जिला मंत्री बलवीर सिंह ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए शिक्षा के महत्व जानकारी दी। सौरभ गंगवार ने अभिभावकों से बच्चों का प्रवेश परिषदीय विद्यालयों में ही कराने का आह्वान किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को भी पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में कविता देवी, हरीश कुमार, दिव्या, स्वेता , सुनीता, जगतवीर, विजय सिंह, कमलेश गंगवार, महेंद्र पाल गंगवार आदि उपस्थित रहे ।

### चौपाल में बताया शिक्षा का महत्व

**आंवला :** रामनगर ब्लाक के ग्राम पंचायत गुलेली के उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या मनौना, में बीईओ के निर्देशन में शिक्षा चौपाल लगाई गई। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान मनौना मुन्त्याज अहमद एवं नोडल प्रभारी राघवेंद्र गुप्ता रहे। संकुल शिक्षको ने शिक्षा चौपाल के महत्व एवं सरकार की नई शिक्षा नीति की जानकारी दी। कार्यक्रम के बाद सभी प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमित सिंह ने किया। इस दौरान एसएमसी अध्यक्ष हरीश गुप्ता , संकुल शिक्षक नीरज एवं इदरीश, मनोज मिश्रा , नीलोफर यास्मीन, नईम अस्तर कमलेश कुमारी, दीपक वैश्य, कदना गोस्वामी आदि रहे।

### बाल वाटिका के बच्चों का स्कूल में प्रवेश



**मीरगंज, अमृत विचार :** शैक्षिक सत्र के आरंभ पर बाल वाटिका के बच्चों का विद्यालय में औपचारिक प्रवेश के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय गोटिया सिंधौली के परिसर में नवारम्भ उत्सव मनाया गया। बाल वाटिका में अध्ययन कर रहे बच्चों का विद्यालय में माल्यार्पण, चन्दन टीका लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों को नए शैक्षिक सत्र के लिए निशुल्क पुस्तकें प्रदान की गई। बाल वाटिका में 3-4 आयु वर्ग के बच्चों का कार्यकत्रियों ने नामांकन किया। मुख्य अतिथि बीईओ अवनीश प्रताप सिंह रहे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्री-प्राइमरी की अवधारणा को सरकारी विद्यालयों में लागू करने के लिए शासन का प्रयास अत्यन्त महत्वपूर्ण है। ग्राम प्रधान सुनीता कश्यप ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों को टॉफी, चॉकलेट, पेंसिल, रबर, कटर, इको क्लब के प्रशस्ति पत्र और रंग वितरित कर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मुकेश कश्यप, उमा शंकर, राजीव कुमार, रमेश मौर्य, आदि उपस्थित रहे।

